राष्ट्रीय सहारा

सोमवार • 25 फरवरी • 2019

# किसान खुशहाल होगा तो देश भी खुशहाल होगा : नाईक

लखनऊ (एसएनबी)। राज्यपाल राम नाईक ने कहा है कि किसानों के लिये आज का दिन ऐतिहासिक एवं स्वर्ण दिवस है। 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि' लागू होने से किसान आर्थिक रूप से सशक्त होगा, तो देश की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी। देश के किसानों में प्रतिभा की कमी नहीं है। 1965 में जहां हम गेहूं आयात करते थे, वहीं आज आबादी तीन गुना बढ़ने के बाद निर्यात कर रहे हैं। यह किसानों का ही कमाल है। उन्होंने कहा कि किसानों का उत्पादन तो बढ़ा है पर उसके अनुपात में उनकी आर्थिक स्थिति में ज्यादा फर्क नहीं आया है। इसीलिये पीएम ने किसानों की आय को दोगुना करने का लक्ष्य रखा है। किसान खुशहाल होगा, तो देश भी खुशहाल होगा।

**पीएम ने किसानों की हालत को देखते हुए उन्हें मुख्यधारा में रखा है : नड्डा**

श्री नाईक यहां भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में आयोजित किसान मेला में बोल रहे थे। 'पीएम किसान सम्मान निधि' योजना का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा गोरखपुर में शुभारंभ करने का सजीव प्रसारण देखने के बाद किसान मेले में श्री नाईक ने कहा कि चीनी उत्पादन में यूपी आज देश में सबसे आगे है। पूर्व में महाराष्ट्र में चीनी का उत्पादन सर्वाधिक होता था। पूर्व में उन्होंने पेट्रोलियम मंत्री रहते हुये पेट्रोल में ईथनॉल मिश्रण की योजना की शुरुआत की थी,जो बंद हो गयी थी। वर्तमान केन्द्र सरकार ने पेट्रोल में ईथनॉल मिश्रित योजना को दोबारा शुरू कर दिया है। इससे जहां एक तरफ पेट्रोल का आयात कम होगा, वहीं दूसरी ओर किसानों को भी शीरा बेचने का लाभ मिलेगा। इससे उनकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। उन्होंने किसानों को 'चरैवेति! चरैवेति!!' का मर्म समझाते हुये कहा कि किसान को सफलता पाने के लिये निरन्तर प्रयास करते रहना होगा। किसान मेले में आये विशिष्ट अतिथि केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. जेपी नड्डा ने कहा कि यह हमारे लिये प्रसन्नता की बात है कि पीएम मोदी गोरखपुर से 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि' योजना का श्रीगणेश कर रहे हैं। इससे किसानों को नई दिशा और दृष्टि मिलेगी। सिंचाई योजना, मृदा परीक्षण योजना, फसल बीमा योजना आदि के साथ 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि' वास्तव में एक सराहनीय कदम है। पीएम श्री मोदी ने किसानों की हालत को ध्यान में रखते हुये उन्हें मुख्यधारा में रखा है प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा ने भी मेले में अपने विचार व्यक्त किये। संस्थान के निदेशक डॉ. अश्विनी दत्त पाठक ने अतिथियों का स्वागत करते हुये उन्हें अंग वस्त्र, प्रतीक चिह्न व पुष्प गुच्छ भेंट किया। पीएम द्वारा शुभारम्भ की गयी 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि' योजना के दूरगामी परिणाम होंगे। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र के अध्यक्ष डॉ. अखिलेश कुमार दुबे ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

नवभारत टाइम्स। नई दिल्ली/लखनऊ। सोमवार,25 फरवरी 2019

NBT नवभारत टाइम्स

# मेसेज देख खिल उठे चेहरे


## किसान सम्मान निधि के तहत किसानों के खाते में ₹2000 आए, जिले में दो लाख को फायदा

■ टीम एनबीटी, लखनऊ

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत खाते में दो हजार रुपये आने का मेसेज देख किसानों के चेहरे खिल उठे। दावा किया जा रहा है कि योजना के तहत जिले के करीब 68 हजार किसान लाभांवित हुए हैं। कृषि विभाग के उप निदेशक सीपी श्रीवास्तव ने बताया कि अभी तो यह योजना की शुरुआत भर हुई है। अगले कुछ दिनों में जिले के दो लाख से ज्यादा किसानों को इसका लाभ दिया जाएगा।

तेलीबाग स्थित गन्ना विज्ञान केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने पहले तो आधे घंटे तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'मन की बात' सुनी। इसके बाद केंद्रीय मंत्रीय जेपी नड्डा ने केंद्र सरकार द्वारा संचालित तमाम योजनाओं की जानकारी दी। मंच पर ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा ने हर गांव को बिजली युक्त करने के साथ ही सरचार्च की माफी का जिक्र किया। कार्यक्रम की शुरुआत राज्यपाल राम नाईक ने दीप जलाकर किया। इसके कुछ देर बाद राज्यपाल किसी अन्य जरुरी कार्यक्रम के लिए रवाना हो गए।

उप कृषि निदेशक ने बताया कि इस योजना के लिए जिले से केंद्र सरकार को 1 लाख 45 हजार लाभार्थियों का ब्योरा दो चरणों में भेजा गया था। पहले चरण में 68 हजार लाभार्थियों के बैंक अकाउंट में आरटीजीएस के माध्यम से पैसा भेज दिया गया है। पारा भदराही के दधीच प्रसाद को भी दो हजार रुपये खाते में ट्रांसफर होने का मैसेज मिला तो वो मंच पर भावविभोर हो गए। मंच पर बैठे नेताओं ने बताया कि जो इस योजना के तहत पात्र हैं उन्हें भी अगले कुछ ही दिनों में लाभ मिल जाएगा।



“ वाकई में यह योजना फायदेमंद लग रही है। न लूट-न लपेट, पैसा सीधा किसानों के खाते में। ऐसी ही व्यवस्था दूसरी सरकारी स्कीमों में भी लागू करे मोदी सरकार।

– रघुवीर, अमलौली



“ किसान को उसके हक की बीज, पानी और बिजली ही सस्ती दरों पर मिल जाए तो कोई तकलीफ नही होगी। इस रकम से बीज और खाद ही खरीदूंगा।

– मुकेश द्विवेदी, निगोंहा अघाईयां



“ किसान ही वोट बैंक है, कोई भी सरकार किसानों से बैर नहीं लेना चाहती। यह रकम वैसे तो ऊंट के मुंह में जीरा है लेकिन रकम आना मायने रखती है।

– राजेश रावत, गढ़ी



“ पहले तो समझ में ही नहीं आया कि छुट्टी वाले दिन कहां से पैसा आ गया। बाद में पता चला तो खुशी हुई। सरकार को किसानों की ओर थोड़ा और ध्यान देने की जरूरत है। – मेराज, माल

## बाराबंकी : 87 हजार किसान लाभांवित

■ एनबीटी, बाराबंकीः प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत राशि रविवार सुबह जिले के 87 हजार किसानों के बैंक खातों में भेज दी गई। ब्लॉक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करके प्रतीकात्मक रूप से प्रमाणपत्र भी वितरित किए गए। जिला मुख्यालय के डीआरडीए सभागार में सांसद प्रियंका सिंह रावत ने 50 किसानों को सम्मान निधि राशि बैंक खातों में भेजे जाने से संबंधित प्रमाणपत्र प्रदान किए। वहीं, बनीकोड़र ब्लॉक में विधायक सतीश चंद्र शर्मा, दरियाबाद ब्लॉक में ब्लॉक प्रमुख देवानंद पांडेय और मसौली ब्लॉक मुख्यालय पर ब्लॉक प्रमुख यासिर आरफात ने 50 किसानों को प्रमाणपत्र बांटे।



## बीकेटी : 25 को सम्मान पत्र



■ एनबीटी, बीकेटीः बीकेटी तहसील मुख्यालय पर किसान सम्मान योजना के तहत करीब 30 हजार किसानों को उनके खाते में 2 हजार रुपये दिए गए। बीकेटी तहसील सभागार में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा चुनाव प्रबंधन सह संयोजक विजय प्रताप सिंह ने 25 लाभार्थी किसानों को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। मौके पर एसडीएम अभिनव रंजम श्रीवास्तव व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

आज

लखनऊ, 25 फरवरी, 2019

# किसानों के लिये आज का दिन ऐतिहासिक-राज्यपाल

लखनऊ, रविवार। लखनऊ स्थित भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में रविवार को 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि' योजना के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण एवं किसान मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल राम नाईक ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने ऐसी व्यवस्था की है कि किसानों के खाते में सीधे पूरा पैसा पहुंचेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री का धन्यवाद करते हुए अभिनन्दन भी किया। इसके पूर्व यहां उन्होंने मंत्रियों सहित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का गोरखपुर से सजीव प्रसारित कार्यक्रम का प्रसारण देखा। राज्यपाल ने कहा कि किसानों के लिये आज का दिन ऐतिहासिक एवं स्वर्ण दिवस है। 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि' के माध्यम से उत्तर प्रदेश के लगभग 02 करोड़ किसानों के खाते में सीधे योजना की धनराशि पहुंचेगी। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी ने कहा था कि दिल्ली से भेजे गये एक रूपये में से केवल पन्द्रह पैसा ही लाभार्थियों तक पहुंचता है। प्रधानमंत्री मोदी ने ऐसी व्यवस्था की है कि किसानों के खाते में सीधे पूरा पैसा पहुंचेगा। केन्द्रीय मंत्री डॉ. जेपी नड्डा ने कहा कि यह प्रसन्नता की बात है कि प्रधानमंत्री मोदी गोरखपुर से किसान सम्मान निधि योजना का श्रीगणेश कर रहे हैं। किसानों को नई दिशा और दृष्टि मिलेगी। सिंचाई योजना, मृदा परीक्षण योजना, फसल बीमा योजना आदि के साथ किसान सम्मान निधि वास्तव में एक सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों की हालत को ध्यान में रखते हुए उन्हें मुख्यधारा में रखा है। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. अश्विनी दत्त पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा शुभारम्भ की गयी योजना के निश्चित दूरगामी परिणाम होंगे।



गन्ना अनुसंधान संस्थान के सभागार में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के कार्यक्रम का दीप जलाकर उद्घाटन करते राज्यपाल रामनाईक।

अमर उजाला

सोमवार, 25 फरवरी 2019

# किसानों के लिए वरदान है किसान सम्मान निधि योजना : नाईक

लखनऊ। भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में रविवार को 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना' के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण एवं किसान मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राज्यपाल राम नाईक, विशिष्ट अतिथि केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. जेपी नड्डा और ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा समेत बड़ी संख्या में कृषि विशेषज्ञ उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गोरखपुर में इस योजना का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राम नाईक ने कहा कि यह योजना किसानों के लिए वरदान है। उत्तर प्रदेश के लगभग 2 करोड़ किसानों के खाते में सीधे योजना की धनराशि पहुंचेगी। उत्तर प्रदेश चीनी उत्पादन में देश में सबसे आगे है। केंद्र सरकार ने पेट्रोल में इथनॉल मिश्रित करने की योजना को पुनः शुरू किया है। केंद्रीय मंत्री डॉ. जेपी नड्डा ने कहा कि देश के लिए यह ऐतिहासिक क्षण है, जिससे किसानों को नई दिशा और दृष्टि मिलेगी। संस्थान के निदेशक डॉ. अश्विनी दत्त पाठक ने अतिथियों का स्वागत किया। ब्यूरो



पायनियर
लखनऊ, सोमवार, 25 फरवरी, 2019

# किसान की स्थिति सुधरेगी तो देश बनेगा सशक्त: राज्यपाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश के राज्यपाल राम नाईक ने कहा है कि किसानों के लिये आज का दिन ऐतिहासिक एवं स्वर्ण दिवस है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से उत्तर प्रदेश के लगभग 2 करोड़ किसानों के खाते में सीधे योजना की धनराशि पहुंचेगी। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी ने कहा था कि दिल्ली से भेजे गये एक रुपये में से केवल पन्द्रह पैसा ही लाभार्थियों तक पहुंचता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऐसी व्यवस्था की है कि किसानों के खाते में सीधे पूरा पैसा पहुंचेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री का धन्यवाद करते हुये अभिनन्दन भी किया। राज्यपाल रविवार को भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ में रविवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण एवं किसान मेला आयोजन को संबोधित कर रहे थे।

राज्यपाल ने प्रधानमंत्री का धन्यवाद करते हुये कहा कि किसान आर्थिक रूप से सशक्त होगा तो देश की अर्थव्यवस्था भी सुदृढ़ होगी।



भारत के किसानों में प्रतिभा की कमी नहीं है। 1965 में हम गेहूं आयात करते थे। आजादी के बाद आज देश की आबादी तीन गुना बढ़ गयी है पर किसानों का कमाल है कि हम खाद्यान्न का निर्यात कर रहे हैं। उत्पादन तो बढ़ा है पर अनुपात में किसानों की आर्थिक स्थिति में ज्यादा फर्क नहीं आया है, इसीलिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों की आय को दोगुना करने का लक्ष्य रखा है। प्रधानमंत्री द्वारा इस वर्ष के बजट में किसानों की तरह पशुपालकों एवं मछुआरों को भी सस्ता ऋण देने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि किसान खुशहाल होगा तो देश खुशहाल होगा। केन्द्रीय मंत्री डा. जेपी नड्डा ने कहा कि देश के लिये यह एक ऐतिहासिक क्षण है जिससे किसानों को नई दिशा और दृष्टि मिलेगी। सिंचाई योजना, मृदा परीक्षण योजना, फसल बीमा योजना आदि के साथ प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि वास्तव में एक सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों की हालत को ध्यान में रखते हुये उन्हें मुख्यधारा में रखा है। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. अश्विनी दत्त पाठक ने अतिथियों का स्वागत करते हुये उन्हें अंग वस्त्र, प्रतीक चिन्ह व पुष्प गुच्छ भेंट किया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र के अध्यक्ष डॉ. अखिलेश कुमार दुबे ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा सहित बड़ी संख्या में कृषि विशेषज्ञ एवं कृषकजन उपस्थित थे।

वॉयस ऑफ लखनऊ

लखनऊ, सोमवार 25 फरवरी 2019


voiceoflucknow@gmail.com

# किसानों के लिये आज का दिन ऐतिहासिकः राज्यपाल

## • प्रधानमंत्री ने किसानों मुख्यधारा में रखाः नड्डा

लखनऊ । भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ में आज प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण एवं किसान मेला का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज गोरखपुर में इस योजना का शुभारम्भ कर रहे थे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के राज्यपाल राम नाईक, विशिष्ट अतिथि केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. जेपी नड्डा, प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा, संस्थान के निदेशक डॉ. अश्विनी दत्त पाठक सहित बड़ी संख्या में कृषि विशेषज्ञ एवं कृषकजन उपस्थित थे। राज्यपाल ने मंत्रियों सहित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का गोरखपुर से सजीव प्रसारित ह्यप्रधानमंत्री किसान सम्मान निधिह्न योजना के कार्यक्रम का प्रसारण देखा।



राज्यपाल ने संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में किसानों का स्वागत करते हुये कहा कि किसानों के लिये आज का दिन ऐतिहासिक एवं स्वर्ण दिवस है। ह्यप्रधानमंत्री किसान सम्मान निधिह्न के माध्यम से उत्तर प्रदेश के लगभग 2 करोड़ किसानों के खाते में सीधे योजना की धनराशि पहुंचेगी। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी ने कहा था कि दिल्ली से भेजे गये एक रुपए में से केवल पन्द्रह पैसा ही लाभार्थियों तक पहुंचता है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने ऐसी व्यवस्था की है कि किसानों के खाते में सीधे पूरा पैसा पहुंचेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री का धन्यवाद करते हुये अभिनन्दन भी किया।

नाईक ने कहा कि किसान आर्थिक रूप से सशक्त होगा तो देश की अर्थव्यवस्था भी सुदृढ़ होगी। भारत के किसानों में प्रतिभा की कमी नहीं है। 1965 में हम गेहूं आयात करते थे। आजादी के बाद आज देश की आबादी तीन गुना बढ़ गयी है पर किसानों का कमाल है कि हम खाद्यान्न का निर्यात कर रहे हैं। उराज्यपाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश चीनी उत्पादन में देश में सबसे आगे है। पूर्व में महाराष्ट्र में चीनी का उत्पादन सर्वाधिक होता था। गत वर्ष से उत्तर प्रदेश ने चीनी उत्पादन में प्रथम स्थान प्राप्त किया है जो प्रसन्नता की बात है। पेट्रोलियम मंत्री रहते हुये उन्होंने पेट्रोल में ईथनॉल मिश्रण की योजना की शुरूआत की थी जो किन्हीं कारणों से बाद में बंद हो गयी थी। वर्तमान केन्द्र सरकार ने पेट्रोल में ईथनॉल मिश्रित करने की योजना को दोबारा प्रारम्भ किया है। इससे जहाँ एक तरफ पेट्रोल का आयात कम होगा वहीं दूसरी ओर किसानों को भी शीरा बेचने का लाभ मिलेगा जिससे उनकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। उन्होंने किसानों को चरैवेति! चरैवेति!! का मर्म समझाते हुये कहा कि किसान सफलता पाने के लिये निरन्तर प्रयास करते रहें क्योंकि आगे बढ़ने में ही सफलता है।

केन्द्रीय मंत्री डॉ. जेपी नड्डा ने कहा कि यह प्रसन्नता की बात है कि प्रधानमंत्री. नरेन्द्र मोदी गोरखपुर से ह्यप्रधानमंत्री किसान सम्मान निधिह्न योजना का श्रीगणेश कर रहे हैं। देश के लिये यह एक ऐतिहासिक क्षण है जिससे किसानों को नई दिशा और दृष्टि मिलेगी। सिंचाई योजना, मृदा परीक्षण योजना, फसल बीमा योजना आदि के साथ ह्यप्रधानमंत्री किसानं सम्मान निधिह्न वास्तव में एक सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नारेन्द्र मोदी ने किसानों की हालत को ध्यान में रखते हुये उन्हें मुख्यधारा में रखा है।